कक्षा 3 हिंदी

पाठ – 5 (टिपतिपवा)

कौन-किससे परेशान?

प्रश्न- इस कहानी में लगता है सभी परेशान थे| बताओ कौन-किस्से परेशान था?

उत्तर- बुढ़िया – झोंपड़ी में टपकते हुए वर्षा के पानी से|
शेर – ज़ोरदार वर्षा और टिपटिपवा से|
धोबी – गधे के गायब होने व न मिलने से|
पंडित जी – घर में भरे वर्षा के पानी को उलीचते-उलीचते थकने से|

मतलब बताओ

प्रश्न- नीचे कहानी में से कुछ वाक्य दिए गए हैं| इन्हें अपने शब्दों में लिखो|

***टिपटिपवा कौन-सी बला है?**

उत्तर- कौन-सी बला है टिपटिपवा|

***पत्नी की बात धोबी को जँच गई|**

उत्तर- धोबी को पत्नी की बात समझ आ गई|

***शेर बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली बना धोबी के पीछे-पीछे चल दिया|**

उत्तर- धोबी के पीछे-पीछे शेर बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली बना चल दिया|

***जरा पोथी बाँच कर बताइए वह कहाँ हैं?**

उत्तर- वह कहाँ है जरा पोथी बाँच कर बताइए|

याद करो तो

प्रश्न- पोता दादी की गोद में कहानी सुनने के लिए मचल रहा था| तुम किन-किन चीजों के लिए मचलते हो?

उत्तर- मैं भी दादी से कहाई सुनने के लिए मचलता हूँ| मैं उनसे नए-नए खिलौने लाकर देने के लिए, उनके साथ घर से बाहर जाने के लिए उनकी गोद में चढ़ने के लिए व उनके साथ खेलने के लिए मचलता हूँ|

कौन है टिपटिपवा!

प्रश्न- हाँ बचवा, न शेरवा के डर, न बघवा के डर| डर तो बस टिपटिपवा का है|

***तुम्हारे घर की बोली में इस बात को कैसे कहेंगे?**

उत्तर- हाँ बेटा, मुझे न शेर का डर है और न ही बाघ का डर है| मुझे तो बू इस पानी के टपकने का डर है|

***कहानी में टिपटिपवा कौन था? तुम किस-किस को टिपटिपवा कहोगे?**

उत्तर- इस कहानी में टिपटिपवा झोपड़ी से टपकता हुआ वर्षा का पानी है| हम धोबी और उसके मोटे लट्ठे को टिपटिपवा कहेंगे|

बारिश

प्रश्न- यह कहानी एक ऐसे दिन की है जब मुसलाधार बारिश हो रही थी| अगर मुसलाधार बारिश की बजाए बूँदा-बाँदी होती, तो क्या होता? यदि उस रात बूँदा-बाँदी होती तो

उत्तर- बढ़िया की झोपड़ी में पानी नहीं टपकता व रात को दादी अपने पोते को कहानी सुनाती| शेर वर्षा से घबराकर जंगल से भाग झोपड़ी के पीछे नहीं छिपता और न ही धोबी का गधा खोता और न ही पंडित जी अपने घर से पानी उलीच-उलीच कर थकते, न ही धोबी अपने गधे को ढूँढते हुए शेर के पास पहुँचता और न शेर को अपना गधा समझता| इस तरह कहानी ही नहीं बनती|

तरह-तरह की आवाज़ें

प्रश्न- पानी के टपकने की टिपटिप-टिपटिप आवाज़ आ रही थी|

उत्तर- सोचो और लिखो ये आवाज़े कब सुनाई पड़ती हैं|

खर्र-खर्र तेज़ साँस लेने पर	**भिन-भिन** मक्खी के कान के पास मँडराने पर	**ठक-ठक** दरवाज़े खटखटाने पर
चर्र-चर्र दरवाज़ा खोलने पर	**भक-भक** आग लगने पर	**तड़-तड़** वर्षा की बूँदों के टीन पर गिरने पर

खूँटा

प्रश्न- धोबी ने शेर को खूँटे से बाँध दिया| सोचो और बताओ, खूँटे से क्या-क्या बाँधा जाता है?

उत्तर- खूँटे से गाय, भैंस, बकरी, ऊँट, बैल, गधा, भैंसा, बछड़ा, हिरन, खच्चर को बाँधा जाता है|

कितने नाम, कितने काम?

- इस कहानी में नाम वाले और काम वाले कई शब्द आए हैं। उन्हें छाँटकर नीचे तालिका में लिखो।

नाम वाले शब्द	काम वाले शब्द
....	....
....	....
....	....
....	....

उत्तर- विद्यार्थी स्वयं करें|

तुम्हारी ज़बानी

नीचे कुछ शब्दों के नीचे रेखा खिंची हुई है। उन्हें ध्यान में रखते हुए नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो।

- बाघ वहाँ से दुम दबाकर भाग चला।
- गाँव वालों की आँखें खुली की खुली रह गई।
- बाघ बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली बना धोबी के पीछे-पीछे चल दिया।

....

....

....

....

....

उत्तर- विद्यार्थी स्वयं करें|